"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 625] रायपुर, गुरुवार, दिनांक 11 दिसम्बर 2014— अग्रहायण 20, शक 1936

वाणिज्यिक कर विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 3 दिसम्बर 2014

अधिसूचना

क्रमांक एफ-10/77/2014/वाक/पांच (83).— छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 (क्रमांक 2 सन् 2005) की धारा 15-ख की उपधारा (1) के खण्ड (दो) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा, नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (1) में विनिर्दिष्ट नियमों से, कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए, कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट निर्बन्धन तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए दिनांक 31-03-2015 तक छूट प्रदान करती है, यथा :-

अनुसूची

नियम जिनसे छूट दी गई	वर्ष	निर्बन्धन तथा शर्तें
(1)	(2)	(3)
नियम 20(2)(ख) के अधीन विहित प्रारूप-18 का भाग-ग	वित्तीय वर्ष 2013-14	जबकि भाग-ग की जानकारी :- (क) अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट माल या अधिसूचना द्वारा करमुक्त माल, या (ख) अनुसूची-2 के भाग-3 के अनुक्रमांक 1 एवं 2 में विनिर्दिष्ट माल, या (ग) अधिकतम खुदरा मूल्य पर दवाई, के छत्तीसगढ़ राज्य में क्रय या विक्रय से संबंधित हो.

2. यह संशोधन दिनांक 01-12-2014 से प्रभावशील होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. पी. त्रिपाठी, विशेष सचिव.

रायपुर, दिनांक 3 दिसम्बर 2014

क्रमांक एफ-10/77/2014/वाक/पांच (83).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-10/77/2014/वाक/पांच (83), दिनांक 03-12-2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. पी. त्रिपाठी, विशेष सचिव.

Raipur, the 3rd December 2014

NOTIFICATION

No. F-10/77/2014/CT/V (83).— In exercise of the powers conferred by clause (ii) of sub-section (1) of Section 15-B of the Chhattisgarh Value Added Tax Act, 2005 (No. 2 of 2005), the State Government hereby exempts, from the rules as specified in column (1) of the Schedule below, for the year as specified in column (2), subject to the restrictions and conditions specified in column (3) upto 31-03-2015, namely :-

SCHEDULE

Rule from which exemption is granted	Year	Restrictions and conditions
(1)	(2)	(3)
Part-C of Form-18 prescribed under rule 20 (2) (b)	Financial year 2013-14	When the information of part-C is related with purchase or sale within Chhattisgarh State, of :- (a) Goods specified in Schedule-I or goods exempted by notification, or (b) Goods specified in S. No. 1 & 2 of part-III of Schedule-2, or (c) Medicine at maximum retail price.

2. This amendment shall come into force w. e. f. 01-12-2014.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
A. P. TRIPATHI, Special Secretary.

रायपुर, दिनांक 3 दिसम्बर 2014

अधिसूचना

क्रमांक एफ-10/77/2014/वाक/पांच (84). — छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 (क्रमांक 2 सन् 2005) की धारा 15-ख की उपधारा (1) के खण्ड (दो) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा, नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट व्यापारियों के वर्ग को, कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट वर्ष के लिए, कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट अधिनियम के प्रावधान एवं नियमों के क्रियान्वयन से अनुसूची के कॉलम (5) में विनिर्दिष्ट निर्बन्धन तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए छूट प्रदान करती है, यथा :-

अनुसूची

अ. क्र.	व्यापारियों का वर्ग	वर्ष	प्रावधान/नियम जिनसे छूट दी गई	निर्बन्धन तथा शर्तें
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 की अनुसूची-2 के भाग-3 के अनुक्रमांक 5 में वर्णित वस्तु में व्यवसाय करने वाले व्यवसायी को छोड़कर, ऐसा पंजीकृत व्यापारी, जिसकी सकल वार्षिक कुल विक्रय राशि वर्ष 2013-14 के लिये रु. 1 करोड़ से कम है.	वित्तीय वर्ष 2013-14	धारा 21 की उपधारा (2) के खंड (एक), (दो) एवं (तीन) तथा नियम 20(2)(क)	जब कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट व्यापारी देय कर राशि तथा ब्याज यदि कोई हो, का भुगतान पश्चात्, छ. ग. मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 19 की उपधारा (1) के खंड (ख) में निर्धारित प्रारूप-18 में ऑनलाईन विवरण पत्र दिनांक 31-03-2015 तक प्रस्तुत कर देता है.
2.	छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 की अनुसूची-2 के भाग-3 के अनुक्रमांक 5 में वर्णित वस्तु में व्यवसाय करने वाले व्यवसायी को छोड़कर, अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत व्यापारी, जिसकी सकल वार्षिक कुल विक्रय राशि रु. 10 करोड़ से कम है.	वित्तीय वर्ष 2013-14	धारा 19 की उपधारा (1) के खंड (ग), धारा 21 की उपधारा (2) के खंड (एक), (दो) एवं (तीन) तथा नियम 20(2)(क) तथा धारा 41 की उपधारा (2)	जब कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट व्यापारी देय कर राशि तथा ब्याज यदि कोई हो, का भुगतान पश्चात्, धारा 19 की उपधारा (1) के खंड (ख) में निर्धारित प्रारूप-18 में ऑनलाईन विवरण पत्र दिनांक 31-03-2015 तक प्रस्तुत कर देता है, तथा यदि उसकी वार्षिक विक्रय रु. 10 करोड़ से कम हो, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 44(AB) के अंतर्गत अपेक्षित ऑडिट रिपोर्ट की प्रति वाणिज्यिक कर अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगा.
3.	छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 की अनुसूची-2 के भाग-3 के अनुक्रमांक 5 में वर्णित वस्तु में व्यवसाय करने वाले व्यवसायी को छोड़कर, अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत व्यापारी, जिसकी सकल वार्षिक कुल विक्रय राशि रु. 10 करोड़ या इससे अधिक है.	वित्तीय वर्ष 2013-14	धारा 21 की उपधारा (2) के खंड (एक), (दो) एवं (तीन) तथा नियम 20(2)(क)	जब कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट व्यापारी देय कर राशि तथा ब्याज यदि कोई हो, का भुगतान पश्चात्, छ. ग. मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 19 की उपधारा (1) के खंड (ख) में निर्धारित प्रारूप-18 में ऑनलाईन विवरण पत्र दिनांक 31-03-2015 तक प्रस्तुत कर देता है तथा छ. ग. मूल्य संवर्धित कर नियम, 2006 के नियम 53 के

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
				उप-नियम (1) में निर्धारित प्रारूप-50 में आडिट रिपोर्ट वाणिज्यिक कर अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगा.

2. यह संशोधन दिनांक 01-12-2014 से प्रभावशील होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. पी. त्रिपाठी, विशेष सचिव.

रायपुर, दिनांक 3 दिसम्बर 2014

क्रमांक एफ-10/77/2014/वाक/पांच (84). — भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-10/77/2014/वाक/पांच (84), दिनांक 03-12-2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. पी. त्रिपाठी, विशेष सचिव.

Raipur, the 3rd December 2014

NOTIFICATION

No. F-10/77/2014/CT/V (84). — In exercise of the powers conferred by clause (ii) of sub-section (1) of Section 15-B of the Chhattisgarh Value Added Tax Act, 2005 (No. 2 of 2005), the State Government hereby exempts, the class of dealer as specified in column (2) of the Schedule below, for the year as specified in column (3), from provisions of the Act and Rules as specified in column (4), subject to the restrictions and conditions specified in column (5) of the said Schedule, namely :-

SCHEDULE

S. No.	Class of dealers	Year	Section/Rule from which exemption granted	Restrictions and conditions
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	Registered dealer, whose annual turnover is less than Rs.1crore for the year 2013-14 except dealer who deals in goods specified in S. No. 5 of part-III of Schedule-II under the Chhattisgarh Value Added Tax Act, 2005.	Financial year 2013-14	Clause (i), (ii) and (iii) of sub-section (2) of section 21 and rule 20(2)(a)	When the dealer specified in column (2) after payment of due tax amount with interest, if any, file a statement online in Form-18, upto 31-03-2015 prescribed in clause (b) of sub-section (1) of section 19 of the C. G. Value Added Tax Act, 2005.
2.	Registered dealer under the Chhattisgarh Value Added Tax Act, 2005	Financial year 2013-14	Clause (c) of sub-section (1) of section 19,	When the dealer specified in column (2) after payment of due tax amount with interest,

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
	whose annual turnover is less than Rs. 10 crore, except dealer who deals in goods specified in S. No. 5 of part-III of Schedule-II.		Clause (i), (ii) and (iii) of sub-section (2) of section 21 and rule 20(2)(a) and sub-section (2) of section 41	if any, file a statement online in Form-18, upto 31-03-2015, prescribed in clause (b) of sub-section (1) of section 19 of the C. G. Value Added Tax Act, 2005 and if his annual turnover is less then Rs. 10 crore, shall furnish a copy of audit report, as required, under section 44(AB) of Income Tax Act, 1961 before the Commercial Tax Officer.
3.	Registered dealer under the Chhattisgarh Value Added Tax Act, 2005 whose annual turnover is Rs. 10 crore or more, except dealer who deals in goods specified in S. No. 5 of part-III of Schedule-II.	Financial year 2013-14	Clause (i), (ii) and (iii) of sub-section (2) of section 21 and rule 20(2)(a).	When the dealer specified in column (2) after payment of due tax amount with interest, if any, file a statement online in Form-18, upto 31-03-2015, prescribed in clause (b) of sub-section (1) of section 19 of the C. G. Value Added Tax Act, 2005 and shall furnish a copy of audit report, in Form-50 as prescribed in sub-rule (1) of rule 53 of Chhattisgarh Value Added Tax Rules, 2006, before the Commercial Tax Officer.

2. This amendment shall come into force w.e.f. 01-12-2014.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
A. P. TRIPATHI, Special Secretary.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2014.